आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी।
- बागेश्वर में अनुभावात्मक भौतिक पर छह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ।
- टिहरी जिले के बौराड़ी स्टेडियम में विद्यालय शिक्षा विभाग की 22वीं राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू।
- भारत, अगले वर्ष आई.एस.एस.एफ. जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा।

सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने चंपावत जिले में आयोजित दशहरा महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य से पलायन रोकने के लिए सरकार बेहतर काम कर रही है। इसी क्रम में राज्य स्थापना दिवस से पहले प्रवासी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे "आओ अपने गांव, वापस आओ" और उत्तराखंड के विकास में सहयोग करें।

राष्ट्रीय कार्यशाला

बागेश्वर के जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में अनुभावात्मक भौतिक पर छह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया है। ये कार्यशाला पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला में शिक्षकों को सरल और सहज तरीके से छात्रों को विज्ञान पढ़ाने की विधि बताई गई। कार्यशाला समन्वयक डॉ. राजीव जोशी ने बताया कि इसमें उत्तराखंड और यूपी के कई क्षेत्रों से शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में भौतिकी के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यशाला के समापन अवसर पर गौचर डायट के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने इस कार्यशाला को पूरे देश के शिक्षकों और बच्चों के लिए प्रभावी बताया। डायट के प्रायार्य मनोज पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विज्ञान को सरल तरीके से सीखने से पहले शिक्षक के लिए जरूरी है कि उनके पढ़ाने का तरीका रोचकता से भरा हो।

कार्यशाला में भाग लेने वाली शिक्षिका डॉ. रीमा गाडिया ने बताया कि उन्होंने बच्चों को मनोरंजक तरीके से भौतिकी पढ़ाने की विधि सीखी।

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक मंत्रालय की मीडिया इकाइयों के जरिए अच्छी तरह से प्रसारित की जा रही हैं। उन्होंने आकाशवाणी नागपुर में मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक के बाद यह बात कही। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी उपस्थित थे।

गौशाला

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पौड़ी के काशीरामपुर तल्ला में महर्षि गंगा गौशाला का उद्घाटन किया। इस गौशाला में शहर भर के निराश्रित गोवंशों और घायल गायों को रखा जाएगा। गौशाला में 200 से अधिक गायों अथवा गौ वंशों को रखे जाने की क्षमता है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गौशाला बनने से शहर को आवारा मवेशियों से छुटकारा मिलेगा साथ ही निराश्रित गोवंशों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अन्थवाल ने कहा कि प्रदेश में लगभग 100 से अधिक गौशालाएं बनाई गई हैं और पौड़ी में आठ गौशालाएं संचालित की जा रही हैं।

वॉलीबाल प्रतियोगिता

टिहरी जिले के बौराड़ी स्टेडियम में विद्यालय शिक्षा विभाग की 22वीं राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। विभिन्न वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में पहले दिन अंडर–14 और अंडर–19 में उधमसिंह नगर और अंडर–17 में चमोली जिले की टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में सभी जिलों की टीमों के अलावा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून की टीम भी शिरकत कर रही है। 15 अक्तूबर को प्रतियोगिता का समापन होगा। जिले के मुख्य शिक्षाधिकारी ने बताया कि जिले में यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि सरकार को खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करने होंगे।

जूनियर विश्व कप

भारत, अगले वर्ष आई.एस.एस.एफ. जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल परिसंघ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने इसकी पुष्टि की है। विश्व कप फाइनल से पहले वे कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्व में निशानेबाजी की बढती लोकप्रियता में भारत के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपने प्रतिभाशाली निशानेबाजो, बल्कि खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता के कारण निशानेबाजी जगत की एक प्रमुख ताकत है।

छड़ी यात्रा

हरिद्वार हर की पैडी स्थित ब्रह्म कुंड में पवित्र स्नान के बाद पवित्र छड़ी यात्रा उत्तराखंड के तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर मां गंगा की विशेष पूजा–अर्चना व दुग्धाभिषेक कर राज्य की सुख समृद्धि, उन्नति की कामना की गई। इसके बाद श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के साथ अन्य अखाड़ों ने नगर में छड़ी यात्रा निकाली। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि पवित्र छड़ी अखाड़ा परिषद में शामिल सभी अखाड़ों के प्रतिनिधि के रूप में पूरे उत्तराखंड का भ्रमण करती है। उन्होंने कहा कि पवित्र छड़ी यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार के साथ–साथ उत्तराखंड के उपेक्षित पौराणिक तीर्थ स्थलों का विकास करना है, इससे क्षेत्रों में तीर्थाटन व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

चंडिका देवरा यात्रा

चमोली जिले की प्रख्यात चंडिका देवरा यात्रा शुरू हो गयी है। आस्था, उमंग और उत्साह के बीच राजा सगर की कुलदेवी आराध्य मां चंडिका जयकारे के साथ 100 वर्षों के बाद मंदिर के गर्भ गृह से बाहर निकली। चंडिका देवी की देवरा यात्रा नौ माह तक चलेगी। देवरा यात्रा पंच केदार, पंच बद्री, पंच प्रयाग और ध्याणी मिलन क्षेत्र में पहुंचेगी।

कवि सम्मेलन

देहरादून के विकासनगर में तीसरा जौनसारी बाउरी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के कई कवियों और लेखकों ने शिरकत की। इस मौके पर जौनसार बावर की बोली–भाषा और परंपराओं के संरक्षण के साथ ही आज की युवा पीढ़ी को उससे जोड़े रखने पर चर्चा की गई।

जौनसारी बाउरी कवि सम्मेलन में पहुंचे रचनाकारों ने काव्यपाठ के जरिए सम–सामयिक विषयों पर अपनी बात रखी। आयोजन में कई महिलाएं पारंपरिक परिधानों में पहुंचीं, जिनका ढोल–दमौं से स्वागत किया गया। महिलाओं का कहना था कि आज की युवा पीढ़ी भी अपनी बोली–भाषा और लोक परंपराओं के प्रति जागरूक हो रही है।

मृत्यु

बागेश्वर जिले में शनिवार को दो अलग–अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मृत्यु हो गई। कपकोट क्षेत्र के गोगिना गांव में एक महिला की पहाड़ी से गिरकर मृत्यु हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गोगिना निवासी कविता देवी जंगल जाने के दौरान असंतुलित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। वहीं, बिलौना पुल से एक महिला ने नदी में कूद कर जान दी। सूचना प्राप्त होते ही फायर टीम ने सरयू नदी से महिला शव बरामद कर लिया है।